प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 94 / 2026)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

www.trai.gov.in


नई दिल्ली, 16 जुलाई 2026

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने केरल एलएसए के तहत कासरगोड जिले के आस-पास मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने **मई 2026 के महीने के दौरान** सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए **केरल एलएसए के तहत कासरगोड जिले** के आस-पास के इलाकों के लिए किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय (Real time) पर गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, ट्राई द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट(CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट(CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के जमीनी मोबाइल नेटवर्क के प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. ट्राई ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम 5 मई से 8 मई के दौरान **केरल** एलएसए के तहत **कासरगोड जिले** और इसके आस-पास के इलाकों में सिटी ड्राइव- 414.2 किमी, हॉटस्पॉट लोकेशंस-12, वाक टेस्ट - 6.5 किमी और कोस्टल- 10.0 किमी पर टेस्ट ड्राइव आयोजित किए। ये टेस्ट ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/मार्ग में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं।




4. **ड्राइव टेस्ट रुप मैप:** ड्राइव टेस्ट रुप मैप मानचित्र पर दर्शाए गए संकेतों के अनुसार, निम्नांकित मानचित्र, सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग, हॉटस्पॉट और वॉक टेस्ट को दर्शाता है:

**क) कवरेज गैप:** नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

**ख) वॉयस सर्विसेज:** कॉल सैट अप सक्सेज रेट(CSSR), ड्रॉप कॉल रेट(DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS) ।

**ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस**: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुईं।

**घ) डाटा सर्विसेज:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट ।

6. प्रमुख मापदंडों के लिए कासरगोड जिले में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है:

**क) कवरेज गैप** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल की शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, **एयरटेल** के लिए 2105/46617, **बीएसएनएल** के लिए 3203/46207, **आरजेआईएल** के लिए 1252/45532 और **वीआईएल** के लिए 2105/47035 था। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

**ख) ड्राप्ड काल्स-** ड्रॉप कॉल, जिसे सफलतापूर्वक स्थापित कॉल की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है, **एयरटेल** के लिए 1/419, **बीएसएनएल** के लिए 18/402, **आरजेआईएल** के लिए 0/421 और **वीआईएल** के लिए 1/421 थे। ड्रॉप किए गए कॉल स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

**ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस-** स्थापित कुल कॉल में से >3 सेकंड के लिए मापे गए कॉल साइलेंस इंस्टेंस को **एयरटेल** के लिए 6/403, **बीएसएनएल** के लिए 16/368, **आरजेआईएल** के लिए 4/405 और **वीआईएल** के लिए 10/404 कॉल के रूप में मापा जाता है। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

**घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:**

i) **डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल (5G/4G)** के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 139.44 Mbps, **बीएसएनएल (4G)** के लिए 10.73Mbps, **आरजेआईएल (5G/4G**) के लिए 294.88Mbps और **वीआईएल(5G/4G/2G)** के लिए 18.85Mbps देखी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) **डाटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल (5G/4G)** के लिए औसत अपलोड स्पीड 23.36 Mbps, **बीएसएनएल (4G)** के लिए 3.78Mbps, **आरजेआईएल (5G/4G)** के लिए 22.81Mbps और **वीआईएल (5G/4G/2G)** के लिए 8.18Mbps देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ड्राप्ड कॉल और कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके संलग्न अनुलग्नक में देखे जा सकते हैं।

7. ड्राइव टेस्ट दौरान मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है:

**क) शहर**- सिटी ड्राइव क्षेत्रों में शामिल हैं- कासरगोड जिले में मंजेश्वर, उप्पाला, कुंबला, कासरगोड, कलनाड, कन्हांगड, नीलेश्वर, चेरुवथुर, त्रिकारीपुर, चीमेनी, भीमनदी, राजापुरम, कुट्टीकोल, पनायल, पोइनाची, चेरकला, मुलेरिया, बडियादका, सीथंगोली और पाइवलाइक आदि।

**ख) कोस्टल**- कोट्टापुरम बोट टर्मिनल- अझिथला - मेडक्केरा फिशिंग हार्बर - लोटस हाउसबोट, थाइकाडप्पुरम बोट जेट्टी और अचमथुरुथी आदि से गुजरने वाला नीलेश्वर बाओटिंग टर्मिनल

**ग) हॉटस्पाट** - हॉट स्पॉट स्थान, स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव कैप्चर करते हुए, बेकल किला, चेरुवाथुर बस स्टैंड, सीपीसीआरआई कासरगोड, डिस्ट्रिक कलेक्ट्रेट कासरगोड, गवर्नमेंट जनरल हौस्पीटल कासरगोड, कन्हांगड़ रेलवे स्टेशन, कासरगोड नगर पालिका कार्यालय, कासरगोड न्यू बस स्टैंड, कासरगोड रेलवे स्टेशन, केएसआरटीसी बस स्टैंड कासरगोड, नीलेश्वरम मार्केट और उप्पला टाउन जंक्शन हैं।

**घ) वॉक टेस्ट**- 05 से 08 मई 2026 को आयोजित वॉक टेस्ट में बेकल बीच प्रोमेनेड, कान्हांगड मार्केट, कासरगोड बीच वॉकवे और कासरगोड रेलवे स्टेशन आदि शामिल थे।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रेषित किया जा चुका है। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध करवाई गई है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए adv.bengaluru@trai.gov पर मेल भेजा जा सकता है या ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु से दूरभाष सं 91-80-22865004.पर संपर्क किया जा सकता है।

बी. प्रवीण कुमार

(बी. प्रवीण कुमार)

सलाहकार, ट्राई क्षे.का.बेंगलूरु

**अनुलग्नक**


## 1. कासरगोड जिले:

**क) कवरेज गैप:** वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 46617 | 46207 | 45532 | 47035 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 2153 | 3203 | 1252 | 2105 |
| सीमित सेवा (कोई कवरेज नहीं) वाले नमूनों की संख्या | 105 | 583 | 0 | 19 |

**नोट:** सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी जानी है जब वह 5G और 4G के लिए 110dBm, 3G के लिए 90 dBm और 2G के लिए 85 dBm से नीचे आती है।

### देखा गया कवरेज गैप





**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

**ख) ड्राप्ड काल्स** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राप्ड काल्स का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित सफल कॉल की संख्या | 419 | 402 | 421 | 421 |
| ड्राप्ड कॉल की संख्या | 1 | 18 | 0 | 1 |

**ड्राप्ड काल्स के स्थान**





**नोट:** ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है

**ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित कॉलों की संख्या (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 403 | 368 | 405 | 404 |
| कॉल साईलेंस संख्या > 3 सेकंड के लिए | 6 | 16 | 4 | 10 |
| >3 सेकंड के लिए कॉल साईलेंस इंस्टेंसेस की कुल संख्या | 7 | 22 | 4 | 12 |

## कॉल साईलेंस के स्थान





**नोट:** ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है

**घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:** ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वारविवरण नीचे दिया गया है: -

**(i) डाउनलोड थ्रूपुट**


| **मानदंड** | **माप प्रकार** | **एयरटेल (5G तक)** | **बीएसएनएल (4G तक)** | **आरजेआईएल (5G तक)** | **वीआईएल (5G तक)** |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 16.99 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 139.44 | 10.73 | 294.88 | 18.85 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

**(ii) अपलोड थ्रूपुट**

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (5G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 2.80 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 23.36 | 3.78 | 22.81 | 8.18 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


2. **कोट्टापुरम बोट टर्मिनल- अझिथला - मेडक्केरा फिशिंग हार्बर - नीलेश्वर बाओटिंग टर्मिनल:**

**क) कवरेज गैप** - वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है

| **मानदंड** | **एयरटेल** | **बीएसएनएल** | **आरजेआईएल** | **वीआईएल** |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 6287 | 6267 | 5856 | 6267 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 23 | 0 | 91 | 2 |
| सीमित सेवा (कोई कवरेज नहीं) वाले नमूनों की संख्या | 0 | 24 | 0 | 0 |

**नोट:** सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी जानी है जब वह 5G और 4G के लिए 110dBm, 3G के लिए 90 dBm और 2G के लिए 85 dBm से नीचे आती है।

## देखा गया कवरेज गैप





**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

**ख) ड्राप्ड कॉल्स** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप की गई कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित सफल कॉल की संख्या | 56 | 55 | 56 | 56 |
| ड्राप्ड कॉल की संख्या | 0 | 0 | 1 | 0 |

**ड्राप्ड कॉल्स के स्थान**





**नोट:** ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है

**ग) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:** ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है: -

**(i) डाउनलोड थ्रूपुट**


| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (5G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 16.99 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 167.13 | 8.75 | 167.42 | 20.40 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

### (ii) अपलोड थ्रूपुट

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (5G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 2.80 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 31.74 | 9.75 | 7.14 | 4.09 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।